A

शिक्षा का अधिकार
सर्व शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें

809

# SECOND TERMINAL EVALUATION 2016-2017

## Third Language
## HINDI

Std. VIII

Score: 40
Time : 90 minutes

**सामान्य सूचना :**

- प्रश्न पत्र वाचन और चिंतन के लिए पंद्रह मिनट का समय है। इसके बाद ही लिखना शुरू करें।
- उत्तर लिखने से पहले प्रश्नों को अच्छी तरह समझने की कोशिश करें।
- स्कोर और समय पर ध्यान देकर उत्तर लिखें।

**सूचना : 'डॉक्टर के नाम मज़दूर का पत्र' कविता का यह अंश पढ़ें और 1 से 3 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

हमें मालूम है
अपनी बीमारी का कारण
वह एक छोटा-सा शब्द है
जिसे सब जानते हैं
पर कहता कोई नहीं
वह है 'गरीबी'।

1. यहाँ बीमारी का क्या कारण बताया गया है? 1
2. इसमें 'हम जानते हैं' के अर्थ में प्रयुक्त पंक्ति कौन-सी है? 1
3. प्रस्तुत पंक्तियों का विश्लेषण करते हुए टिप्पणी लिखें। 4

**सूचना : 'मेरे बच्चे को सिखाएँ' पाठ का यह अंश पढ़ें और प्रश्न 4 और 5 के उत्तर लिखें।**

हो सके तो उसे यह ज़रूर सिखाएँ कि मेहनत से कमाया एक पैसा भी हराम में मिली नोटों की गड्डी से कहीं अधिक मूल्यवान होता है। उसे हारना सिखाएँ और जीत में खुश होना भी सिखाएँ।

4. हराम में मिली नोटों की गड्डी से अधिक मूल्य किसका है? 1
   क) मुफ्त में मिले पैसे का।
   ख) मेहनत से कमाए पैसे का।
   ग) कर्ज लिए पैसे का।
   घ) परंपरा से प्राप्त पैसे का।
5. 'परिश्रम का महत्व' विषय पर संकेतों की सहायता से लघु लेख लिखें। 4
   - परिश्रम की आवश्यकता।
   - परिश्रम का फल।
   - परिश्रम और महापुरुष।

**सूचना : 'बात उस मंगलवार की' पाठ का यह अंश पढ़ें और 6 से 8 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

| |
|---|
| आज हमने 70 मरीज़ देखे। अब तक अंधेरा बहुत गहरा गया है और बारिश भी मूसलधार है। हम अपनी जीप तक तो नहीं पहुँच पाएँगे। रात यहीं रुकना पड़ेगा। हम चूल्हे के पास बैठकर गर्म दाल-चावल और साग का भोजन करते हैं। |

6. रेखांकित संख्या के बदले उचित संख्यावाचक शब्द का प्रयोग करके वाक्य का पुनर्लेखन करें। 1

आज हमने **70** मरीज़ देखे।

(सैंतीस; सतासी; सत्तर)

7. रेखांकित क्रिया-रूप किस शब्द के अनुसार है? 1

हम साग का भोजन **करते हैं**।

(भोजन; हम; साग)

8. डॉक्टर रमणी अटकुरी और एक मरीज़ के बीच बातचीत चल रही है। इसके कुछ अंश छूट गए हैं। इसकी पूर्ति करें। 3

| | |
|---|---|
| डॉक्टर : | आप तो आज का आखिरी मरीज़ है। |
| मरीज़ : | डॉक्टरजी आज आप कैसे लौट चलेंगी? बारिश है न? |
| डॉक्टर : | मैं भी यही सोच रही थी। .................................................. |
| | .......................................................................... |
| मरीज़ : | तब तो आप रात को क्या खाएँगी? |
| डॉक्टर : | चूल्हा तो है, ........................................................ |

**सूचना : 9 से 12 तक के प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर लिखें।** 3x4=12

9. 'इस बारिश में' कविता की आस्वादन-टिप्पणी लिखें।

10. संबंध पहचानें और मिलान करें।

| | |
|---|---|
| इंद्रधनुष | तुम अपने आकाश से भाग क्यों आए? |
| पेड़ | किसी झरने के पानी में इंद्रधनुष कैसे रह सकता है? |
| निर्झर | अपने घर में मुझे रहने दिया। बहुत शुक्रिया। |
| लड़का | तुम मेरी टहनियों पर नहीं रह सकते। |

11. डॉक्टर रमणी अटकुरी की चरित्रगत विशेषताओं पर टिप्पणी लिखें।

12. दोहा पढ़कर आशय लिखें।

बड़ा हुआ तो क्या हुआ, जैसे पेड़ खजूर।
पंथी को छाया नाहिं, फल लागै अतिदूर।।

**सूचना : यह कविता पढ़ें और 13 से 15 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

प्रकृति हमें देती है सब कुछ
तुम भी तो कुछ देना सीखो
सूरज हमें रोशनी देता
हवा नया जीवन है देती
भूख मिटाने को हम सबकी
धरती माँ अन्न है देती
पथिकों को तपती धूप में
पेड़ सदा छाया है देता

13. कविता के लिए उचित शीर्षक लिखें। 1

14. नमूने के अनुसार उचित पंक्तियाँ चुनकर तालिका की पूर्ति करें। 4

| | |
|---|---|
| तुम्हें भी परोपकार करना है। | तुम भी तो कुछ देना सीखो |
| वृक्ष आश्रय देता है। | ................................ |
| सूर्य प्रकाश फैलाता है। | ................................ |
| ज़मीन खाना देती है। | ................................ |
| प्रकृति परोपकारी है। | ................................ |

15. यह कविता किस भावना पर आधारित है? 1

(दोस्ती; प्यार; परोपकार)

16. संबंध पहचानें, मिलान करें। 3

| | |
|---|---|
| कुछ लोग अपने लिए नहीं दूसरों के लिए जीते हैं। | इस बारिश में |
| सफल जीवन की सीख बचपन से देनी है। | बात उस मंगलवार की |
| ज़मीन छिनने से किसान की हालत बुरी होती है। | मेरे बच्चे को सिखाएँ |

**सूचना : 'इस बारिश में' कविता का यह अंश पढ़ें और प्रश्न 17 और 18 के उत्तर लिखें।**

जिसकी नहीं कोई ज़मीन
उसका नहीं कोई आसमान।
अगली फसल होते ही सब चुकता कर दूँगा
अब तो मेरी झूठी
ये गुज़ारिश भी चली गई
उसी के पास अब मेरी बारिश भी चली गई।

17. निम्नलिखित आशयवाली पंक्तियाँ चुनकर लिखें। 2

*फसल होने पर कर्ज चुकाने की किसान की झूठी प्रतीक्षा भी नहीं रह गई।*

18. 'अब मेरी बारिश भी चली गई' में 'मेरी' सर्वनाम किसके लिए प्रयुक्त है? 1

(किसान; ज़मींदार; कवि; पाठक)